# प्राचीन देवी मंदिर में घुसकर खंडित की गईं मूर्तियां

## पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर खोजबीन शुरु की

नवभारत न्यूज

**सतना 16 नवंबर, मैहर जिले के ताला थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले धोबहट गांव में बीती रात एक ऐसी घटना सामने आई जिससे रहवासियों के बीच आक्रोश बढ़ गया।। गांव के प्राचीन देवी मंदिर में अज्ञात असामाजिक तत्वों ने घुसकर नंदी बाबा सहित कई देवीक्ष्देवताओं की मूर्तियों को खंडित कर दिया। पुलिस द्वारा घटना में शामिल आरोपियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।**

घटना का खुलासा सुबह तब हुआ जब ग्रामीण रोज़ की तरह पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे,



जैसे ही लोगों ने टूटी हुई मूर्तियां देखीं पूरे क्षेत्र में आक्रोश और तनाव का माहौल फैल गया। मंदिर में हुई तोड़फोड़ की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर इकट्ठा होने लगे। ग्रामीणों का कहना है कि यह कृत्य किसी की सोची-समझी साजिश जैसा प्रतीत होता है और शरारती लोगों ने इसे उनके धार्मिक विश्वासों पर सीधा हमला किया है। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी सजा देने की मांग की जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार गांव में इस तरह की घटना पहली बार हुई है, जिसके कारण लोगों में दहशत और रोष दोनों देखने को मिला है।

घटना की सूचना मिलते ही ताला थाना पुलिस और मुकुंदपुर चौकी पुलिस की संयुक्त टीम तुरंत गांव पहुंची। पुलिस ने पूरे मंदिर परिसर का निरीक्षण किया और खंडित मूर्तियों व आसपास के क्षेत्र की वीडियोग्राफी-फोटोग्राफी करवा कर साक्ष्य जुटाए, जिससे कि आरोपियों का पता लगाया जा सके। पुलिस ने आस-पास के घरों और मंदिर के नजदीकी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों से भी पूछताछ की ताकि किसी संदिग्ध गतिविधि का पता चल सके।

### गांव में बढ़ी सुरक्षा

स्थानीय लोगों में बढ़ती नाराजगी को देखते हुए पुलिस ने मंदिर परिसर और गांव में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। घटना की जानकारी मिलने पर बजरंग दल के कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की पहचान के लिए जांच तेजी से जारी है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि दोषियों को जल्द ही पकड़कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### नई मूर्तियों की स्थापना से राहत

घटना के बाद लोगों की भावनाओं को शांत करने के लिए स्थानीय सामाजिक संगठनों और ग्रामीणों की मदद से मंदिर में नई मूर्तियों की स्थापना की गई। नई प्रतिमाएं स्थापित होने के बाद ग्रामीणों के चेहरों पर कुछ हद तक संतोष दिखाई दिया। मामले में थाना प्रभारी महेंद्र मिश्रा ने बताया कि घटना बेहद संवेदनशील है। ग्रामीणों द्वारा सुबह जानकारी दी गई थी जिसके बाद मौके पर पुलिस बल पहुंचा और अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अलग-अलग गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है।



# मातारानी को अर्पित आभूषण मंदिर समिति तक नहीं पहुंचे...

▸ श्रद्धालु की शिकायत पर देवी मंदिर के प्रशासक द्वारा प्रधान पुजारी को नोटिस जारी कर मांगा गया जवाब

नवभारत न्यूज

**सतना 16 नवंबर. मैहर स्थित मां शारदा देवी मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा मातारानी को सोने-चांदी के आभूषण और श्रंगार का सामान अर्पित तो किया गया, लेकिन वह सामग्री मां शारदा देवी मंदिर प्रबंध समिति को प्राप्त ही नहीं हुई. इस संबंध में श्रद्धालु द्वारा शिकायत की गई थी. जिसके आधार पर मां शारदा देवी मंदिर प्रबंध समिति मैहर के प्रशासक द्वारा प्रधान पुजारी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है.**

जबलपुर निवासी दानदाता संजय सिंह पटेल द्वारा 22 अक्टूबर को मैहर देवी मंदिर में मातारानी को 2 किलो वजनी चांदी का छत्र, चांदी का मुकेट और सोने की नथ अर्पित की गई थी. लेकिन श्रद्धालु द्वारा मातारानी को अर्पित की गई उक्त सामग्री मंदिर समिति के कोष में जमा नहीं हुई. जिसे देखते हुए श्रद्धालु द्वारा उसी दिन फोन करते हुए मामले की शिकायत कलेक्टर मैहर रानी बाटड को दे दी गई थी. शिकायत सामने आने पर कलेक्टर द्वारा मामले की जांच शुरु कराई गई. जांच में प्रथमदृष्टया इस बात की पुष्टि हुई कि 22 अक्टूबर को अपरान्ह 2 बजकर 55 मिनट पर दानदाता द्वारा सफेद रंग के प्लास्टिक के बैग में 2 किलो वजनी चांदी का छत्र, चांदी का मुकुट और सोने की नथ अर्पित किया गया था. लेकिन इसके बावजूद भी वह सामग्री मंदिर समिति को प्राप्त नहीं हुई. इस तरह की घटना सामने आने से एक ओर जहां मातारानी का दर्शन करने के आने वाले श्रद्धालु भक्त की भावना आहत हुई. वहीं दूसरी ओर मंदिर समिति की गरिमा/छवि भी धूमिल हुई. इस घटना से यह भी स्पष्ट हुआ कि श्रद्धालु भक्तों द्वारा जो भी कीमती आभूषण सोना-चांदी और श्रंगार सामग्री को दान में अर्पित किया जाता है वह भी मंदिर समिति को प्राप्त नहीं हो रहा है.

### अब तक 3 नोटिस

मामले की गंभीरता को देखते हुए मां शारदा देवी मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक द्वारा मंदिर के प्रधान पुजारी पवन कुमार शास्त्री को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रशासक द्वारा इस संबंध में अब तक 3 नोटिस जारी की जा चुकी हैं. लेकिन इसके बावजूद भी प्रधान पुजारी की ओर से अब तक कोई जवाब नहीं दिया गया है.



# नशीले कैप्सूल-सीरप के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार

## जैतवारा पुलिस ने की कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**सतना 16 नवंबर. नशे के विरुद्ध जारी अभियान ऑपरेशन प्रहार 2.0 के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए जैतवारा पुलिस ने नशीले कैप्सूल और सीरप के साथ कार सवार युवक सहित एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया.**

थाना प्रभारी जैतवारा अभिषेक पाण्डेय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर के जरिए मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कार्रवाई की. पुलिस टीम द्वारा जैतवारा रेलवे ब्रिज के निकट घेराबंदी की गई थी. इसी दौरान एक सफेद रंग की अर्टिगा कार क्र. एमपी 19 जेड पी 6983 आती नजर आई. जिसे पुलिस द्वारा जांच के लिए रोका गया. पूछताछ में कार सवार की पहचान निकिल सिंह पिता शिवकुमार उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम चूंद के तौर पर हुई. जिसकी तलाशी लिए जाने पर 104 नग नशीले कैप्सूल और नशीली कफ सीरप की 12 शीशियां पाई गईं. इसके साथ ही दूसरे आरोपी सतेंद्र चौधरी पिता सुंदरलाल उम्र 26 वर्ष निवासी चिल्ला के पास से नशीली कफ सीरप की 10 शाीशियां पाई गईं. जिसे देखते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट और ड्रग कंट्रोल एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई.

# फर्जी फेसबुक पोस्ट का आरोपी अमेठी से गिरफ्तार

## केंद्रीय जेल में निरुद्ध बंदियों ने किया था 52 लाख के फ्रॉड का दावा

नवभारत न्यूज

**सतना 16 नवंबर, पुलिस ने केंद्रीय जेल के बैंक खाते से 52 लाख रुपए के फर्जीवाड़े का दावा करने वाले एक व्यक्ति को उत्तर प्रदेश के अमेठी से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने फेसबुक पर एक फर्जी संदेश पोस्ट किया था, जिसके बाद जेल प्रशासन ने शिकायत दर्ज कराई थी।**

%मिस्टर फैक्टिशियन% नामक फेसबुक आईडी से पोस्ट किए गए संदेश में दावा किया गया था कि सतना केंद्रीय जेल के एक कैदी ने कुछ कर्मचारियों की मदद से सरकारी खाते से 52 लाख रुपए निकाल लिए। इसमें से 25 लाख रुपए बहन की शादी, पौने चार लाख रुपए बाइक खरीदने और जमानत पर खर्च करने की बात कही गई थी। यह फर्जी संदेश वायरल होने के बाद जेल अधीक्षक श्रीमती लीना कोष्टा द्वारा पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह से लिखित शिकायत की गई थी। इसके आधार पर कोलगवां थाने में बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

जांच के दौरान पता चला कि कारागार के खाते में फर्जीवाड़े का यह मामला वास्तव में उत्तर प्रदेश के कर्वी जिला जेल से संबंधित था।

### साइबर सेल से मिली मदद

साइबर सेल ने फर्जी मैसेज पोस्ट करने वाली आईडी के संचालक का पता उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले के पूर्वी ठकुरान में लगाया। इसके बाद, पुलिस की एक टीम अमेठी भेजी गई, जिसने स्थानीय पुलिस की मदद से आरोपी रामसुमत राजपूत (23 वर्ष) पिता रामचरण राजपूत को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से आगे की पूछताछ करने के बाद न्यायालय के समक्ष करते हुए जेल भेज दिया गया।

# कंटेनर में फिर भरे मिले 47 मवेशी

नवभारत न्यूज

**सतना 16 नवंबर,कंटेनर में क्रूरता पूर्वक पशुओं को भरकर तस्करी के लिए ले जाए जा रहे कंटेनर को पुलिस ने पकड़ लिया। इस मामले में चालक भाग निकलने में सफल रहा।**

जिले के सिंहपुर थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की रात्रि मुखबिर की सूचना पर नागौद-कालिंजर रोड पर चकर गोहान मोड़ के पास चेकिंग लगाई गई। पुलिस टीम ने कंटेनर क्रमांक यूपी11 बीटी 4767 को रोकवाया, जब तक पुलिस चालक को पकड़ती चालक पुलिस को चकमा देकर ट्रक छोड़?र मौके से फरार हो गया। पलिस टीम ने जब कंटेनर की जांच की तो उसमें 47 पशु (31 भैंस और 16 बछड़े) क्रूरता पूर्वक भरे हुए पाए गए। पशुओं की अनुमानित कीमत लगभग 11 लाख 75 हजार रुपये है। ट्रक सहित कुल जप्त माल की कीमत लगभग 26 लाख 75 हजार रुपये है। जप्त पशुओं को गौशाला में पहुंचाया गया है। पुलिस द्वारा वाहन मालिक और चालक की तलाश जारी है।

# हार्वेस्टर से कटाई मामले में प्रशासन-जनप्रतिनिधि आमने-सामने

नवभारत न्यूज

**सतना 16 नवंबर,जिले में धान कटाई के मौसम में प्रशासन और किसानों के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया है। एक तरफ लगातार बारिश की आशंका से किसान जल्द से जल्द फसल काटने के लिए हार्वेस्टर का सहारा ले रहे हैं, तो दूसरी तरफ बिना स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम (एसएमएस) वाले हार्वेस्टरों पर प्रशासन की सख्ती ने कटाई ठप कर दी है।**

पराली जलाने से होने वाले प्रदूषण को रोकने के मकसद से की गई कार्रवाई के बाद हार्वेस्टर संचालक काम छोड़कर भाग रहे हैं, जबकि किसान फसल बर्बाद होने की कगार पर खड़े हैं।

इस मुद्दे पर चित्रकूट विधायक सुरेन्द्र सिंह गहरवार ने मुख्यमंत्री से शिकायत की है, तो स्थानीय नेता प्रशासन से नियमों में छूट की मांग कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर कृषि और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने ग्रामीण इलाकों का निरीक्षण किया। इस दौरान बिरसिंहपुर कस्बे में पंजाब के हार्वेस्टर संचालक कुलविंदर सिंह के ऑपरेटर लवली सिंह बिना एसएमएस के धान काट रहे थे। कोई बेलर या स्लैशर मशीन भी नहीं थी। टीम ने हार्वेस्टर को थाने लाकर सीज कर दिया। प्रशासन का कहना है कि बिना एसएमएस कटाई से ऊपरी हिस्सा कटता है, जिससे पराली खेतों में जलाने की घटनाएं बढ़ती हैं। इससे वायु प्रदूषण फैलता है और आग लगने का खतरा रहता है।

### किसानों की मजबूरी

इन दिनों सतना में धान कटाई जोरों पर है। कुछ दिन पहले हुई लगातार बारिश से फसल को नुकसान पहुंचा है। मौसम की अनिश्चितता के बीच किसान जल्द कटाई चाहते हैं, ताकि बची हुई फसल बच सके। हार्वेस्टर से कटाई तेज और सस्ती पड़ती है, लेकिन प्रशासन की कार्रवाई के डर से संचालक कटाई रोक रहे हैं। किसानों की मानें तो बारिश से पहले ही फसल खराब हो चुकी है। जो बची है, उसे हार्वेस्टर से कटवाना मजबूरी है।

# पहचान छिपाकर व्हाट्सएप से कर रहा था परेशान

▸ अश्लील सामग्री डालने वाले आरोपी को पुलिस ने दबोचा



नवभारत न्यूज

**सतना 16 नवंबर. पहचान छिपाकर व्हाट्सएप के जरिए लड़की को अश्लील मैसेज और फोटो भेजने वाले आरोपी की पहचान करते हुए पुलिस ने गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया.**

एसडीओपी नागौद रघु केसरी से प्राप्त जानकारी के अनुसार उचेहरा थाने में लड़की द्वारा शिकायत की गई थी. लड़की ने पुलिस को बताया कि कोई अज्ञात व्यक्ति उसे व्हाट्सएप के जरिए अश्लील फोटो और मैसेज भेज रहा है. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 79 बीएनएस, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम और 11/12 पाक्सो एक्ट के अंतर्गत प्रकरण दर्ज करते हुए पहचान करने के प्रयास शुरु कर दिए. इस मामले में साइबर से से मिली मदद के आधार पर आरोपी की पहचान शेखर चौधरी पिता रामश्रय उम्र 19 वर्ष निवासी पिपरी कला के तौर पर की गई. लिहाजा पुलिस टीम ने बिना देरी किए दबिश देते हुए आरोपी को दबोच लिया. पूछताछ किए जाने पर आरोपी द्वारा उक्त घटना को स्वीकार कर लिया गया. जिसे देखते हुए आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने के बाद सलाखों के पीछे पहुंचा दिया गया.





# विंध्य क्षत्रिय महासभा ने आयोजित किया स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

नवभारत न्यूज

**सतना 16 नवंबर,विगत दिनों ग्राम खगौरा में आयोजित क्षत्रिय सम्मेलन एवं स्वास्थ्य परीक्षण में सैकड़ों नागरिकों को स्वास्थ्य परीक्षण वरिष्ठ चिकित्सको की निगरानी में सम्पन्न हुआ.**

वीपी,ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन की जांच भी कराई गई, रिटायर सिविल सर्जन डॉ यसवंत सिंह के नेतृत्व में जांच एवं उपचार किया गया, सम्मेलन के मुख्य अतिथि रामपुर विधायक विक्रम सिंह जी रहे, अध्यक्ष ब्रिगेडियर देवेन्द्र सिंह ने संगठन का विस्तार करने और समाज में एकता भाई चारा बढ़ाने समाज से अपील की, सुष्मिता सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह और धर्मेंद्र सिंह ने अपने विचार रखते हुए समाजिक जागरुकता लाने, अपने हितों की रक्षा करने, स्वास्थ्य और शिक्षा में अग्रणी समाज बनने अपील की, कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री शिवमोहन सिंह द्वारा किया गया, आभार कार्यक्रम के संयोजक प्रदीप सिंह ने किया, कार्यक्रम में डॉ पुष्पराज सिंह, मृगेंद्र सिंह,समर सिंह,शीवेन्द्र सिंह, माया सिंह, रचना सिंह, कुंदन सिंह, राजेश सिंह, राज ललन सिंह, प्रमोद सिंह, मुरारी भइया ,यूबी सिंह, जीपी सिंह, भागवत सिंह, रामप्रसाद सिंह, एवं सैकड़ों की संख्या में आसपास के क्षत्रिय बंधू उपस्थित रहे।

## एक नजर में



### शिव ज्योति किड्स में वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम

**सतना,** शिव ज्योति किड्स स्कूल में 16 नवंबर (रविवार) को वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. स्वप्ना वर्मा, डायरेक्टर प्रदीप मिश्रा तथा प्राचार्या उमा मिश्रा द्वारा गणेश जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम स्थल विद्यार्थियों और अभिभावकों से भरा हुआ था। इसी उपलक्ष्य में प्राचार्या उमा मिश्रा ने वर्षभर की उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया और मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि डॉ. स्वप्ना वर्मा ने विद्यालय के सांस्कृतिक प्रयासों की सराहना की तथा विद्यार्थियों को मेहनत और अनुशासन के लिए प्रेरित किया।

### एकेएस के छात्रों ने देखी भेल की गतिविधियां

**सतना,** एकेएस के यांत्रिक अभियांत्रिकी विभाग द्वारा विद्यार्थियों के लिए भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल), भोपाल का एक औद्योगिक भ्रमण आयोजित किया गया। यह आयोजन विश्वविद्यालय की उस सतत एवं बहुआयामी पहल का हिस्सा है, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि वास्तविक औद्योगिक प्रक्रियाओं और तकनीकी दक्षताओं का अनुभव भी प्रदान किया जाता है, जिससे उनका सर्वांगीण विकास हो सके। इस भ्रमण में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन सह प्राध्यापक अभियंता आलोक रंजन तिवारी तथा अभियंता केतन अग्रवाल द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम की सफलता में डॉ. जी. के. प्रधान (डीन, अभियांत्रिकी संकाय), डॉ. श्रीहर पांडेय (विभागाध्यक्ष, यांत्रिक अभियांत्रिकी), डॉ. रमा शुक्ला (विभागाध्यक्ष, वैद्युत अभियांत्रिकी) सहित विभाग के सभी प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।



### शहीद सम्मान यात्रा में शामिल हुए प्रतिनिधि

**सतना,** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर सहीद उत्तराधिकार परिवार समित द्वारा राष्ट्रीय सहीद सम्मान यात्रा झांसी उत्तर प्रदेश के बंगरा में पूरे देश से राष्ट्रीय कार्यकारणी के सदस्यों की उपस्थित में सम्मान यात्रा निकाली गयी जिसमें राष्ट्रीय महासचिव जितेन्द्र रघुवंशी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कमल अग्रवाल प्रदश अध्यक्ष राजेश सिंह राष्ट्रीय समन्वयक रोमेश मिश्र राष्ट्रीय कर्यकारणी सदस्य श्री अरुण प्रताप सिंह शुरेष चंद्र बबेले कृष्णेन्द्र सिंह बिश्वनाथ सोनी श्री आदित्य प्रताप सिंह पिण्ड्रा राकेश चौरसिया ग्वालियर राजेन्द्र अग्रवाल छतरपुर महन्थ प्रजापति गोरखपुर आदि अन्य राज्यों के लोग उपस्थित रहे.





# नेमीशवर धाम विद्या ज्योतिर्मय तीर्थ से हुआ मंगल विहार

नवभारत न्यूज

**सतना 16 नवंबर, श्री नेमीश्वर धाम विद्या ज्योतिर्मय तीर्थ दिगंबर जैन मंदिर से आज वंदनीय आर्यिका 105 श्री अकंपमती माताजी एवं आर्यिका 105 श्री अचल मती माताजी ससंघ का चातुर्मास समापन के पश्चात मंगल विहार 20 तीर्थंकरों की निर्वाण स्थली श्री सम्मेद शिखर जी सिद्ध क्षेत्र की ओर हो गया है ।**

सर्वप्रथम श्री जी का अभिषेक एवं शांति धारा करके यह मंगल भावना भाई गई की पूज्य माता जी का बिहार सानंद संपन्न हो ।तत्पश्चातआचार्य भगवंत की पूजा हुई. दोपहर 1.30 बजे माता जी का मंगल विहार हुआ । सभी श्रावक श्राविकाओ की आंखे नम हो गई । वंदनीय आर्यिका माताजी ने श्रावकों को प्रेरणा दी की आप सभी तन मन धन से सहयोग करके नेमीश्वर धाम विद्या ज्योतिर्मय तीर्थ को अति शीघ्र पूर्ण करके परम पूज्य 108 आचार्य गुरुदेव विद्यासागर जी महामुनि राज के सपनों को साकार करें इसी भावना से भगवान नेमिनाथ एवं भगवान शांतिनाथ की रोज एक मंगल जाप करें । माता जी के बिहार की संपूर्ण व्यवस्था श्री महावीर दिगंबर जैन पारमार्थिक संस्था सतना के द्वारा की जा रही है संस्था अध्यक्ष श्री राहुल जैन एवं संस्था महामंत्री श्री संदीप जैन ।एवं मुनि सेवा समिति ने सभी साधर्मी श्रावक श्राविकाओ से आग्रह किया है कि वह सभी पूज्य माता जी के बिहार में अपना पूर्ण सहयोग देवें।

# चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर आज व्यंकट क्रमांक एक सतना में

नवभारत न्यूज

**सतना 16 नवम्बर, अपर परियोजना संचालक समग्र शिक्षा से.ए. भोपाल के निर्देशानुसार विशेष आवश्यकता वाले बच्चों (सीडब्ल्यूएसएन) के औपचारिक पहचान एवं चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर 17 नवम्बर को सतना जिला अंतर्गत संचालित विद्यालयों के सहयोग से आयोजित किया जायेगा।**

सतना जिले में चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर का आयोजन 17 नवम्बर को प्रात: 10.30 बजे से शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि. व्यंकट क्रमांक एक सतना में किया जायेगा। इस शिविर में विकासखण्ड मझगवां, नागौद, रामपुर बघेलान, सोहावल तथा उचेहरा के बच्चे शामिल होंगे। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा चिकित्सीय मूल्यांकन शिविरों के सफल क्रियान्वयन/संचालन हेतु जिला/विकासखण्ड स्तरीय लोक सेवकों को दायित्व सौंपें गये है।

# विन्ध्य व्यापार मेला 2025 के लिए हुआ भूमि पूजन

नवभारत न्यूज

**सतना 16 नवंबर, विन्ध्य चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज, सतना द्वारा लगाये जा रहे 12वें विन्ध्य व्यापार मेला 2025 का भूमिपूजन कार्यक्रम रविवार सायं 4:00 बजे बी.टी.आई. ग्राउण्ड सेमरिया चौक, सतना में सम्पन्न हुआ।**

चेम्बर महामंत्री संदीप कुमार जैन ने बताया कि विन्ध्य चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज, सतना द्वारा 19 दिसम्बर 2025 से 29 दिसम्बर 2025 तक आयोजित 11 दिवसीय 12वां विन्ध्य व्यापार मेला 2025 के भूमिपूजन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। भूमिपूजन कार्यक्रम विधि विधान के साथ पंडित बृजराज शास्त्री जी के द्वारा चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा एवं पदाधिकारियों एवं सभी समितियों के संयोजको ने पूजन सम्पन्न किया। चेम्बर की सभी सहयोगी संस्था के अध्यक्ष/मंत्री द्वारा भी पूजन किया गया । चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा ने कहा कि सहयोगी संस्थाओं के सहयोग से यह व्यापार मेला अतुलनीय एवं नई ऊंचाईयों को छुएगा।



इस अवसर पर चेम्बर अध्यक्ष, सतीश सुखेजा वरिष्ठ, उपाध्यक्ष मनोहर वाधवानी, कनिष्ठ उपाध्यक्ष दीपक अग्रवाल, महामंत्री संदीप जैन, मंत्री हरिओम गुप्ता, सहमंत्री एवं कोषाध्यक्ष अमित अग्रवाल, कार्यकारिणी समिति के सदस्यगण, विनोद गेलानी, संजय अग्रवाल, रोहित अग्रवाल लोहा, दिलीप सोनी, विकास सुखेजा, लक्ष्मीचंद्र पुरस्वानी, विपिन आर त्रिपाठी, सुरेश बाषाणी, संदीप चमड़िया, मोहित जैन, रिंकू अग्रवाल, अनिल मोटवानी, चितेश ठक्कर, मनीष अग्रवाल विशेष आमंत्रित सदस्य संजय वाधवानी, संजय अग्रवाल आशीर्वाद, क्लाथ मर्चेन्ट एसो, के अध्यक्ष फेरूमल तोलवानी, जनरल मर्चेन्ट एसो. के अध्यक्ष जेठानन्द वाधवानी, मंत्री गुरमुख पंजवानी, रेडीमेड वस्त्र व्यापारी संघ के अध्यक्ष रवि मीरानी, मंत्री सचिन जैन हार्डवेयर पेन्ट्स एसो, के अध्यक्ष धनश्यामदास अच्छड़ा, सतना फल सब्जी व्यापारी संघ के अध्यक्ष सेवकराम आवतवानी, आदि उपस्थित रहे।